# वकीलों ने किया प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 जनवरी।** ग्वालियर के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा एवं उनकी टीम के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में मंगलवार को भिंड जिले की लहार तहसील में अधिवक्ता संघ के बैनर तले जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में

**वकीलों ने ग्वालियर पुलिस पर लगाए एकतरफा कार्रवाई के आरोप**

अधिवक्ता एकत्र होकर लहार एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने ग्वालियर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने अनिल मिश्रा जिंदाबाद, एकतरफा कार्रवाई बंद करो जैसे नारे लगाए और एफआईआर को तत्काल निरस्त करने की मांग की।

**खनियांधाना की घटना से जुड़ा मामला :** अधिवक्ताओं ने बताया कि यह मामला शिवपुरी जिले के खनियाधाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जहां कुछ दिन पूर्व भीम आर्मी द्वारा मनुस्मृति जलाने की घटना सामने आई थी। इस घटना से श्रवण समाज सहित अन्य वर्गों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया था। इसी के विरोध स्वरूप ग्वालियर के अधिवक्ता अनिल मिश्रा, विभिन्न बार एसोसिएशनों, समाजसेवियों एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने एकजुट होकर भीमराव सकपाल का पुतला दहन किया था।



**एफआईआर को बताया एकतरफा और दुर्भावनापूर्ण :** पुतला दहन की घटना के बाद भीम आर्मी के पदाधिकारी मकरंद बौद्ध द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर ग्वालियर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। इसी कार्रवाई को लेकर लहार के अधिवक्ताओं ने नाराजगी जताई। अधिवक्ताओं का आरोप है कि जिस व्यक्ति को पुलिस ने फरियादी बनाया है, वह स्वयं छात्र बदमाश है और उसके खिलाफ पहले से आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इसके बावजूद उसकी कथित झूठी शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करना एकतरफा कार्रवाई है। अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि जब मामला सार्वजनिक रूप से चर्चा में आया, तब ग्वालियर पुलिस प्रशासन ने आनन-फानन में मकरंद बौद्ध को गिरफ्तार किया, जो कथित रूप से वारंटी अपराधी बताया जा रहा है।

**अधिवक्ताओं को दबाने की साजिश का आरोप :** वकीलों ने कहा कि यह पूरी कार्रवाई अधिवक्ता समुदाय को डराने और दबाने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने सवाल उठाया कि मनुस्मृति जैसे धार्मिक ग्रंथ को जलाने वालों के खिलाफ अब तक कोई एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई, जबकि विरोध करने वालों पर तत्काल कार्रवाई कर दी गई।

**प्रदेश स्तर पर आंदोलन की चेतावनी :** अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मनुस्मृति जलाने वालों के खिलाफ शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं की गई और अधिवक्ता अनिल मिश्रा व अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस नहीं ली गई, तो प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

### इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

प्रदर्शन में एडवोकेट देवेंद्र त्रिपाठी, ओमशंकर चतुर्वेदी, अभिषेक शर्मा, आकाश चतुर्वेदी, शितांशु त्रिपाठी (बबलू), शिशुपाल सिंह, पवन दीक्षित, सुभाष चंद्र शर्मा, आनंद मोहन शिवहरे, अरविंद शर्मा, प्रदीप मिश्रा, रोहित पचौरी, मोहन गुप्ता, आशुतोष त्रिपाठी, अरुण कुशवाह, मयंक गुप्ता, भोलू दीक्षित, अमित पचौरी, संतोष भारद्वाज, चंद्रप्रकाश मिश्रा, चंद्रशेखर उपाध्याय, सतीश शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में न्याय की मांग करते हुए आंदोलन को और तेज करने का संकेत दिया।

# ठंड के कारण कक्षा नर्सरी से आठवीं तक अवकाश

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 जनवरी।** भिंड जिले में वर्तमान में पड़ रही अत्यधिक सर्दी, शीतलहर एवं तापमान में लगातार गिरावट को देखते हुए कलेक्टर भिंड ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान को दृष्टिगत रखते हुए जिले में संचालित समस्त

**कलेक्टर ने 7 व 8 जनवरी के लिए जारी किया आदेश**

शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई, माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं अन्य सभी बोर्डों से संबद्ध विद्यालयों की कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 07 जनवरी 2026 से 08 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश पूर्व में जारी आदेश के अनुक्रम में जारी किया गया है और तत्काल प्रभाव से लागू होगा।



**शिक्षक एवं स्टाफ रहेंगे उपस्थित:** आदेश के अनुसार अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए रहेगा। विद्यालयों के शिक्षक एवं स्टाफ नियमित समय पर अपनी-अपनी संस्थाओं में उपस्थित रहेंगे तथा अन्य शासकीय कार्यों एवं प्रशासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

**परीक्षाएं और निर्धारित गतिविधियां रहेंगी यथावत :** कलेक्टर द्वारा स्पष्ट किया गया है कि पूर्व से निर्धारित महत्वपूर्ण गतिविधियां एवं परीक्षाएं (यदि कोई हों) अपने तय कार्यक्रम के अनुसार यथावत संचालित रहेंगी। संबंधित विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

### विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता

प्रशासन ने यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लिया है, ताकि ठंड एवं शीतलहर के कारण छोटे बच्चों पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। जिला प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे बच्चों को ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें।

# कलेक्टर ने सुनीं 93 आवेदकों की समस्याएं



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 जनवरी।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार भिंड में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के

**अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**

दौरान कलेक्टर भिंड ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं के निराकरण की उम्मीद लेकर पहुंचे 93 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई कर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं पर पृथक रूप से सुनवाई की गई।

### इन मामलों पर दिए गए विशेष निर्देश

कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों में से विशेष रूप से गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज सहायता, विद्युत बिलों में त्रुटि सुधार, हैण्डपंपों के संधारण, पेंशन प्रकरण, सड़क दुर्घटना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाएं, बीपीएल राशन कार्ड तथा जमीन पर अवैध कब्जे से जुड़े मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई की जानकारी संबंधित आवेदक को अनिवार्य रूप से दी जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और आमजन को राहत मिल सके।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 जनवरी।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार भिंड में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले

**कार्य में गति लाने के दिए निर्देश**

में संचालित विभिन्न सिंचाई एवं पेयजल परियोजनाओं की भौतिक प्रगति, कार्य की समय-सीमा और क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने विशेष रूप से कनेरा उद्वहन सिंचाई एवं पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए



अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति, अब तक की प्रगति तथा कार्य पूर्ण करने की संभावित अवधि की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण किया जाए।

**इन योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा :** बैठक में कलेक्टर द्वारा निम्न प्रमुख कार्यों एवं परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। निर्धारित सिंचाई लक्ष्य, कनेरा उद्वहन सिंचाई एवं पेयजल योजना अंतर्गत फीडर नहर निर्माण कार्य, सिमार स्टॉप डेम, गोहद में पाना नाला के गहरीकरण का कार्य, मौ शाखा नहर के मध्य क्षतिग्रस्त बैंक एवं लाइनिंग की मरम्मत, नुन्हाटा स्टॉप डेम, संशोधित पार्वती-काली सिंध लिंक परियोजना की प्रगति इसके साथ ही जिले में पहले से निर्मित स्टॉप डेमों तथा वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

**समस्याएं पहले चिन्हित करने के निर्देश :** कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर तकनीकी, भूमि अधिग्रहण या अन्य प्रशासनिक समस्याएं आ रही हैं, उन्हें पूर्व में ही चिन्हित किया जाए, ताकि समय रहते उनके समाधान की योजना बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि सिंचाई एवं पेयजल परियोजनाएं सीधे किसानों और आमजन से जुड़ी हैं, इसलिए इनमें लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### जल प्रबंधन को लेकर सख्त रुख

कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए कि आगामी समय में जल संरक्षण, सिंचाई क्षमता बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि स्टॉप डेम और नहर परियोजनाएं जिले के कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बैठक में जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित परियोजनाओं के प्रभारी उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में संगठनात्मक बैठक, कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्री

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने नगर परिषद मौ के वार्ड क्रमांक-4 से पार्षद पद हेतु भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मुन्नी देवी के समर्थन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक संगठनात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में चुनाव रणनीति, बूथ प्रबंधन एवं जनसंपर्क को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी की जीत



सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यकर्ता हर समाज के मतदाताओं के बीच घर-घर संपर्क कर केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और क्षेत्र के विकास के लिए जनता से आशीर्वाद मांगें।

**कांग्रेस पर साधा निशाना :** जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई ठोस विकास नीति नहीं है, जबकि भारतीय जनता पार्टी विकास के स्पष्ट विजन के साथ अंत्योदय की भावना से योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं गरीब, महिला, किसान और युवा सभी वर्गों को सशक्त बना रही हैं।

**महिला प्रत्याशी को जिताने पर जोर :** नरवरिया ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि महिला प्रत्याशी को जिताने के लिए महिलाएं आगे आएं। चुनाव प्रचार की कमान स्वयं कार्यकर्ता संभालें और महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक संख्या में महिलाएं भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए सबसे पहले बूथ स्तर को मजबूत करना आवश्यक है।

### इनकी रही प्रमुख उपस्थिति

बैठक में जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र राजैरिया, जिला उपाध्यक्ष सज्जन सिंह यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रघुवीर सिंह, जिला मंत्री फरेंद्र सिंह सिकरवार, पवैया मंडल अध्यक्ष राम अख्तियार सिंह गुर्जर, महामंत्री रामकुमार जादौन, अशोक गोयल, रामू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प लिया और पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरने का भरोसा दिलाया।

# दबोह में रामलीला का भव्य आयोजन

**दबोह, 6 जनवरी।** दबोह नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष के उपलक्ष्य में श्री बालाजी सरकार रामलीला समिति द्वारा भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन श्री बालाजी सरकार रामलीला एवं रासलीला मंडल के अध्यक्ष पंडित चंद्रकांत त्रिपाठी 'लवली महाराज' के कुशल मार्गदर्शन में गल्ला मंडी स्थित सरकार हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित हो रहा है, जहां प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। रामलीला के क्रम में मंगलवार को राम-केवट संवाद की लीला का सजीव मंचन किया गया। इस प्रसंग में दिखाया गया कि जब भगवान श्रीराम, माता जानकी और भाई लक्ष्मण वनवास के दौरान गंगा तट पर पहुंचे, तो उनकी भेंट निषादराज से हुई। भगवान श्रीराम द्वारा गंगा पार कराने की प्रार्थना पर केवट ने विनम्रतापूर्वक पहले प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के चरण धोने की इच्छा जताई। केवट के इस निष्कपट भाव और भक्ति से भरे संवाद ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।



# नगर पंचायत उपाध्यक्ष के घर पर फायरिंग, दहशत का माहौल

**दबोह, 6 जनवरी।** नगर पंचायत उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी के घर पर बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा गोली चलाए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। घटना में चली गोली उनके घर के मुख्य दरवाजे में जाकर लगी, वहीं मौके से खाली कारतूस (खोखा) भी मिलने की बात कही जा रही है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी ने इस संबंध में दबोह थाना पहुंचकर अज्ञात लोगों के खिलाफ आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि इस घटना से उनकी जान को खतरा है और पूरे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। घटना को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस समय नगर में अराजकता का माहौल बन रहा है, जो बेहद चिंताजनक और निंदनीय है। उन्होंने पुलिस से तत्काल घटना का संज्ञान लेने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही भिंड पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की अपील की है। फिलहाल दबोह थाना पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है।

# जिला अस्पताल में कायाकल्प अभियान के तहत राज्य स्तरीय पीयर असेस्मेंट

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 जनवरी।** जिला अस्पताल में मंगलवार को कायाकल्प अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय टीम द्वारा पीयर

**अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक, ब्लड बैंक व लेबर रूम सहित कई विभागों की सराहना**

असेस्मेंट किया गया। यह असेस्मेंट सिविल अस्पताल हजीरा, जिला ग्वालियर के प्रभारी एवं एक्सटर्नल असेसर डॉ. प्रशांत नायक तथा जिला अस्पताल मुरार, ग्वालियर के सर्जिकल स्पेशलिस्ट एवं क्वालिटी असेसर डॉ. प्रणव दीक्षित द्वारा किया गया।

पीयर असेस्मेंट के दौरान कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित सभी थीमेटिक एरिया जैसे इन्फेक्शन कंट्रोल, हाइजीन प्रमोशन, बियॉन्ड बाउंड्री और ईको-फ्रेंडली व्यवस्थाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इस दौरान ऑब्जर्वेशन, पेशेंट इंटरव्यू, स्टाफ इंटरव्यू एवं रिकॉर्ड रिव्यू के माध्यम से अस्पताल की कार्यप्रणाली की जांच की गई, जिसमें अधिकांश स्थानों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।



**ब्लड बैंक, लेबर रूम और कोविड आईसीयू की विशेष प्रशंसा :** असेस्मेंट के दौरान राज्य स्तरीय टीम ने जिला अस्पताल के ब्लड बैंक, पीएनसी लेबर रूम, पीपीओटी, पीडियाट्रिक वार्ड एवं कोविड आईसीयू की व्यवस्थाओं की विशेष रूप से सराहना की। टीम ने साफ-सफाई, संक्रमण नियंत्रण, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं और स्टाफ की कार्यकुशलता को कायाकल्प मानकों के अनुरूप बताया।

**वरिष्ठ अधिकारी व चिकित्सक रहे उपस्थित :** पीयर असेस्मेंट के दौरान असेसरों के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एस. यादव, सिविल सर्जन डॉ. आर.एन. राजौरिया, क्वालिटी असेसर डॉ. देवेश शर्मा, आरएमओ डॉ. निखिल अग्रवाल, जिला क्वालिटी मॉनीटर डॉ. बृह्मभूषण पुरोहित, पूर्व सिविल सर्जन डॉ. अनिल गोयल, सहायक प्रबंधक साकेत चैरसिया, मेट्रन रामबाई रायपुरिया एवं रीना यादव सहित अस्पताल का चिकित्सकीय व नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

### कायाकल्प से मरीजों को मिल रही बेहतर सुविधाएं

अधिकारियों ने बताया कि कायाकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करना है। इस प्रकार के नियमित असेस्मेंट से न केवल कमियों की पहचान होती है, बल्कि मरीजों को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में भी मदद मिलती है।

# नगर परिषद मेहगांव ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 6 जनवरी।** नगरपरिषद ने सदर मेन बाजार में सफलतापूर्वक अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया। सीएमओ मेहगांव महेश पुरोहित के नेतृत्व में नगरपरिषद का अमला सक्रिय हुआ। दुकानों के सामने आम पैदल रास्तों पर रखे सामान को हटाकर रास्ते खाली कराए गए। पुरोहित ने बताया कि दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे सामान रखने से पैदल मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था। इससे आम नागरिकों को आने-जाने में भारी कठिनाई हो रही थी और शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं।

दो दिन पूर्व नगरपरिषद ने मुनादी करवाई और दुकानदारों को चेतावनी जारी की कि वे स्वयं अतिक्रमण हटा लें। लेकिन कुछ दुकानदारों ने इसका अनदेखा किया। आज पुरोहित अपने दलबल के साथ सदर बाजार पहुंचे और जबरन अतिक्रमण हटवाया। अब बाजार में पैदल चलना सुगम हो गया है। खरीदारी और आवागमन में नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।



यह अभियान नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुगम्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पुरोहित ने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जुर्माना और अन्य दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इससे बाजार की साफ-सफाई और यातायात सुधरेगा। नगरपरिषद आगे भी ऐसे अभियान चलाएगी ताकि शहर व्यवस्थित बने। यह कदम शहरी सुधार की नई मिसाल है।

# एड्स जागरूकता विषय पर प्रतियोगिता आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 6 जनवरी।** शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत एड्स जागरूकता विषय पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में एचआईवी/एड्स के प्रति सही जानकारी देना, भ्रांतियों को दूर करना तथा सामाजिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आर.के. डबरिया ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है और युवाओं की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. गिरिजा नरवरिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए रेड रिबन क्लब की गतिविधियों एवं एड्स जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला।




प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से एचआईवी/एड्स के कारण, रोकथाम, उपचार एवं सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़े प्रश्नों पर सार्थक चर्चा हुई। विद्यार्थियों की जिज्ञासा, तत्परता और विषय की समझ सराहनीय रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. आलोक मिश्रा, प्रो. सुनील बंसल, डॉ. रेखा सुमन एवं डॉ. साधना सिंह कुशवाहा शामिल रहे। निर्णायकों ने निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए प्रतिभागियों के ज्ञान और प्रस्तुति की प्रशंसा की तथा उन्हें विषय के प्रति और अधिक संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया और रेड रिबन क्लब के माध्यम से भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन महाविद्यालय परिवार के सहयोग से संपन्न।